शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 19.04.24

"थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य"

"थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा हत्या मे प्रयुक्त आलाकत्ल व एक अदद तमंचा 315 बोर के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।"

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, अवैध शस्त्र एवं अवैध शराब व वारण्टियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शाहजहाँपुर के निर्देशन में व श्रीमती सौम्या पाण्डेय क्षेत्राधिकारी, नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है।

दि0 12.04.2024 को ग्राम रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहापुर मे अभियुक्त **संजय वलधारी उर्फ सज्जन** पुत्र नेकराम वलधारी निवासी मो0 बाईबाग हाईडिल कालोनी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर द्वारा **3 लाख रूपया न देने एव पत्नी को विदा न करने के कारण अपने ससुर सालिगराम को गोली मारकर हत्या कर दी** जिसके सम्बन्ध मे थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर पर वादिनी श्रीमती रामदेवी पत्नी सालिगराम नि0मो0 भारद्वाजी मण्डी थाना कोतवाली जिला शाहजहापुर की तहरीर सूचना पर मु0अ0सं0 118/2024 धारा 302/34/498ए आई0पी0सी0 व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 1. संजय वलधारी उर्फ सज्जन पुत्र नेकराम वलधारी निवासी मो0 बाईबाग हाईडिल कालोनी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर 2. अंकुर पुत्र पप्पू निवासी बंगला नम्बर 3 रामलीला के पास रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत कर लिया गया है। विवेचना प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्र प्रकाश शुक्ल द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। अभियुक्त **अंकुर उपरोक्त को दि0 13.04.24 को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया था** तथा अभियुक्त संजय वलधारी उर्फ सज्जन की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन कर उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। उक्त टीम द्वारा **आज दि0 19.04.24 को समय करीब 10:15 बजे हरदोई चौराहे से बरेली की और जाने वाली सडक के पास से अभियुक्त संजय वलधारी उर्फ सज्जन पुत्र नेकराम वलधारी निवासी मो0 बाईबाग हाईडिल कालोनी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया** तथा अभियुक्त संजय वलधारी उर्फ सज्जन उपरोक्त की निशा देही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद तमंचा 315 बोर को भी अभियुक्त के घर से बरामद किया गया। जिसके आधार पर अभियोग मे धारा 3/25/27 A.ACT की वृद्धि की गयी। अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारी शुदा अभियुक्त-

संजय वलधारी उर्फ सज्जन पुत्र नेकराम वलधारी निवासी मो0 बाईबाग हाईडिल कालोनी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर

बरामदगी:

1. घटना मे प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर

गिरफ्तारी का स्थान व समय:-

दि0 19.04.24 को समय करीब 10:15 बजे हरदोई चौराहे से बरेली की और जाने वाली सडक के पास

गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्मचारीगण -

1. प्रभारी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ला मय हमराही थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहांपुर
2. उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2549 रवि शर्मा थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2660 शुभम झा थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर